# वैक्सीनेशन को लेकर स्कूल में बैठक आयोजित

एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन सुरक्षा कवच बनेगी, 14 से 15 साल के बीच की बच्चियों को यह वैक्सीन लगवाना कितना जरूरी :- डॉ अग्रवाल

नवभारत न्यूज

**बीना 5 अप्रैल. राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन को लेकर उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 एवं नगर पालिका परिषद में बैठक आयोजित की गई.**



बैठक में एसडीएम रवीश श्रीवास्तव ने बताया कि यह वैक्सीन लगवाना कितना जरूरी है,ताकि बच्चियों में कैंसर से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ सके नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने कहा कि 14 से 15 साल की बच्चियों में जागरूकता लाकर अधिक से अधिक बच्चियों वैक्सीन के प्रति जागरूक कर सके. सीएमओ राहुल कौरव ने कहा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए प्रधानमंत्री ने नि:शुल्क वैक्सीनेशन शुरू कराया है. बीएमओ संजीव अग्रवाल ने बताया कि महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा) से बचाने के लिए किशोरियों को नि:शुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है, जो अभी तक बीना में लगभग 940 बच्चियों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है. कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए प्रधानमंत्री ने नि:शुल्क वैक्सीनेशन शुरू कराया है. डॉ. संजीव अग्रवाल ने बताया कि सर्वाकल कैंसर गर्भाशय के निचले हस्से का कैंसर है, जिसे सर्विक्स भी कहा जाता है. लगभग 99.7 प्रतिशत सर्वाइकल कैंसर, ह्यूमन पैपिलोमावायरस के हाई रिस्क टाईप से जैनेटल्ट्रैक्स में लगातार इन्फेक्शन के कारण होते हैं. एचपीवी प्रजनन मार्ग का सबसे आम वायरल इन्फेक्शन है, हालांकि ज्यादातर एचपीवी इन्फेक्शन में कोई लक्षण नहीं दिखते हैं वे अपने आप ठीक हो जाते हैं लेकिन एचपीवी का लगातार इन्फेक्शन सर्वाईकल कैंसर का कारण बन सकता है. बाजार में इसकी कीमत 4000 रुपए है उन्होंने कहा कि बाजार में इसकी कीमत 4000 रुपए है. उन्होंने बताया कि वैक्सीन उन बच्चियों को लगेगी जिनकी उम्र 14 साल से 15 साल की बच्चियों को यह वैक्सीन लगाई जा रही है. वैक्सीन लगवाने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा और आधार कार्ड साथ लाना होगा, आधार कार्ड न होने की स्थिति में सहमति पत्र भरना होगा. उन्होंने इस उम्र की किशोरियों से वैक्सीन लगवाने की अपील की है, जिससे कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचा जा सके.

पूर्व पार्षद संजय सिंह ने कहा कि किसी भी योजना की सफलता के लिए जनप्रतिनिधि एवं मीडिया सेतु का काम करते हैं हम सभी इस योजना को सफल बनाने के लिए भर्षक प्रयास करेंगे. इस दौरान नायब तहसीलदार हेमराज मेहर, नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार, पार्षद जितेंद्र बोहरे, पार्षद मधुलिका यादव, पार्षद गौरीशंकर राय एवं पार्षद तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी सहित शिक्षक आदि मौजूद थे.

# दिनदहाड़े घर में घुसा चोर, महिला को धक्का देकर नकदी व जेवर लेकर फरार

नवभारत न्यूज

**सागर 5 अप्रैल. शहर के मकरोनिया क्षेत्र में अपराधियों के बढ़ते हौसलों ने आमजन की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं. अब हालात ऐसे बन गए हैं कि चोर दिनदहाड़े ही घरों में घुसकर वारदात को अंजाम देने लगे हैं.**

ऐसा ही एक सनसनीखेज मामला मकरोनिया के दीनदयाल नगर इलाके से सामने आया है, जहां एक चोर ने सुबह लगभग 11 बजे एक मकान में घुसकर नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया. प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना के समय मकान में कोई मौजूद नहीं था, इसी दौरान मौका पाकर एक अज्ञात चोर घर के अंदर घुस गया और अलमारी के लॉकर व



पेटी के ताले तोड़कर उसमें रखी नकदी और सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए. इसी बीच घर में रहने वाली महिला जब वापस लौटी, तो उसने घर के अंदर किसी के होने का आभास किया. महिला को देखते ही चोर घबरा गया और पकड़े जाने के डर से उसने महिला को जोर से धक्का दिया और मौके से फरार हो गया, महिला जब तक कुछ समझ पाती, तब तक आरोपी आंखों से ओझल हो चुका था.

घटना के बाद जब महिला ने घर के अंदर जाकर देखा तो उसके होश उड़ गए. अलमारी का लॉकर टूटा हुआ था, पेटी के ताले भी क्षतिग्रस्त थे और घर से नकदी सहित कीमती आभूषण गायब थे, इससे स्पष्ट हुआ कि चोर पूरी तैयारी के साथ घर में घुसा था और उसने व्यवस्थित तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम दिया. घटना से आहत महिला ने मकरोनिया थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है. क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में भय, असुरक्षा का माहौल है. दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं. अब देखना यह होगा कि मकरोनिया पुलिस इस मामले में कितनी तेजी और गंभीरता दिखाती है.

# लापरवाह सचिवों का निलंबन

नवभारत न्यूज

**रहली 5 अप्रैल. जनपद पंचायत अंतर्गत पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करने वाले दो ग्राम पंचायत सचिवों पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है.**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी के प्रतिवेदन के आधार पर जिपं सीईओ ने ग्राम पंचायत कंदला के सचिव राकेश शुक्ला और ग्राम पंचायत जरिया खिरिया के सचिव महादेव पटैल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है. सचिव राकेश शुक्ला एवं महादेव पटैल के कृत्य को घोर कदाचार की श्रेणी में मानते हुए यह कार्रवाई की गई है. निलंबन अवधि के दौरान सचिव राकेश शुक्ला एवं महादेव पटैल का मुख्यालय जपं रहली निर्धारित किया गया है. प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, दोनों लापरवाह सचिवों का विरुद्ध जनपद पंचायत स्तरीय समीक्षा बैठकों में लगातार नदारद रहना. मुख्यमंत्री के विस क्षेत्र अंतर्गत आयोजित गढ़ाकोटा रहस लोकोत्सव की बैठक और कार्यक्रम में अनुपस्थिति रहना, हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ न पहुँचाना है.

## बिजली गिरने से मौत

**सागर.** केसली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भुसौरा मे खेत पर काम कर रहे एक ही परिवार के पांच सदस्य आकाशीय बिजली की चपेट मे आ गए, जिसमे एक युवक की मौत हो गई और चार अन्य सदस्य झुलस गए. जिनको सागर रैफर किया गया है. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार भुसौरा ग्राम मे खेत पर काम कर रहे भीकम कुर्मी के परिवार आकाशीय बिजली की चपेट मे आ गए, जिसमे भीकम की मौके पर ही मौत हो गई और परिवार के अन्य सदस्य सौरभ, रोहिणी, गोविंद, रामरतन कुर्मी झुलस गए. प्राथमिक उपचार के बाद सागर रैफर किया गया.

# धर्म एवं नैतिक शिक्षा के संस्कार का बीजारोपण

नवभारत न्यूज

**सागर 5 अप्रैल. पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी स्थित श्री ज्ञान सागर पाठशाला में 100 बच्चों को जैन धर्म एवं नैतिक शिक्षा के संस्कार दिए जा रहे हैं.**

मुनिश्री महासागर महाराज ने कहा बच्चों में धर्म के संस्कार डालना बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उनके व्यक्तित्व और चरित्र को आकार देता है. यहाँ कुछ तरीके हैं जिनसे आप बच्चों में धर्म के संस्कार डाल सकते हैं. बच्चे अपने माता-पिता और बड़े लोगों से सीखते हैं, इसलिए यह



महत्वपूर्ण है कि आप स्वयं धर्म के संस्कारों का पालन करें. बच्चों को धार्मिक कहानियां सुनाकर उन्हें धर्म के मूल्यों और सिद्धांतों के बारे में सिखाएं. पाठशाला की शिक्षिकाओं श्रीमती वर्षा जैन, दीपाली जैन, मधु जैन, मोनिका जैन की उपस्थिति में मुनिश्री महासागर महाराज के दर्शन एवं आशीर्वाद का लाभ प्राप्त हुआ. पदमचंद्र जैन आरटीओ ने बच्चों को फल वितरण किया.

# नवनियुक्त अध्यक्ष का सम्मान



नवभारत न्यूज

**सागर 5 अप्रैल. भाजपा ने मधुकर जाटव को अनुसूचित जाति मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है.**

नपा कार्यालय के पास नव नियुक्त अध्यक्ष मधुकर जाटव का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विधायक प्रदीप लारिया, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार, मंडल अध्यक्ष अंकित तिवारी, एल्डरमैन सुधा शर्मा शामिल हुई. आयोजन से पहले सभी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए इस नवीन दायित्व के लिए श्री जाटव शुभकामनाएं दी.

# आदतन आरोपी 8 माह के लिए जिला बदर

नवभारत न्यूज

**सागर 5 अप्रैल. कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और आम जनता में सुरक्षा की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से थाना मोतीनगर पुलिस द्वारा आदतन अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है.**

थाना प्रभारी मोतीनगर निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत के नेतृत्व में यह कार्रवाई जारी है. जानकारी के अनुसार एक आदतन आरोपी राकेश उर्फ सूर्या अहिरवार निवासी छोटा करीला के विरुद्ध जिला दंडाधिकारी के आदेश पर कार्रवाई की गई. आरोपी को 8 माह की अवधि के लिए पुलिस ने आरोपी को विधिवत सूचना देकर थाना मालथौन क्षेत्र के माध्यम से उत्तर प्रदेश के जिला ललितपुर की सीमा के बाहर छोड़ दिया, ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनी रहे.

## पिछले दिनों भी की जा चुकी है बड़ी कार्रवाई

थाना मोतीनगर पुलिस द्वारा हाल के दिनों में संगीन अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए व्यापक अभियान चलाया गया. इस अभियान के तहत कुल 18 आदतन गुंडे-बदमाशों के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई के प्रस्ताव तैयार कर कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत किए गए. इनमें से 10 आरोपियों के खिलाफ जिला बदर के आदेश/नोटिस प्राप्त हो चुके हैं, जबकि शेष 8 मामलों में कार्रवाई प्रक्रिया जारी है और शीघ्र पूर्ण किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं. जिन 10 आरोपियों के विरुद्ध जिला बदर के आदेश जारी हुए हैं, उनमें से अब तक 7 आरोपियों को जिला सागर एवं सीमावर्ती क्षेत्रों से निष्कासित किया जा चुका है. इनमें से 2 आरोपी राजकुमार उर्फ राजकपूर एवं सूरज आढ्या द्वारा जिला बदर आदेश का उल्लंघन किया गया. इस पर थाना मोतीनगर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है.

# प्रदेश महिला कांग्रेस में नियुक्तियां

नवभारत न्यूज

**सागर 5 अप्रैल. मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती रीना बोरासी ने कार्यकारिणी में जिले से श्रीमती सीमा चौधरी को सचिव पद पर नियुक्त किया है.**

जिले से श्रीमती रेखा सोनी एवं विमला अहिरवार बीना को सयुंक्त सचिव बनाया गया है. नियुक्तियों पर कांग्रेस जनों ने बधाई दी है. नव नियुक्त सचिव पार्षद सीमा चौधरी ने नियुक्ति पर वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है. नवनियुक्त पदाधिकारी को जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा, पूर्व मंत्री सुरेंद्र





चौधरी, कांग्रेस नेता आर आर पाराशर, प्रदेश महासचिव रेखा चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जगदीश यादव, आशीष ज्योतिषी, अभिषेक गौर, दीपक दुबे, जतिन चौकसे, देवेंद्र कुर्मी, प्रदीप पप्पू गुप्ता, विजय साहू, सिंटू कटारे, धन सिंह अहिरवार, गुड्डू रैकवार, संजय रोहिदास, संगीता अजय अहिरवार, मनोज रैकवार, राजा बुंदेला, संदीप चौधरी, मनोज राय, जय पाराशर एवं समस्त कांग्रेस जनों ने हार्दिक बधाई दी है.

# पूर्व पीएम बाबू जगजीवन राम की जयंती मनाई

नवभारत न्यूज

**सागर 5 अप्रैल. जिला शहर कांग्रेस कार्यालय में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वतंत्रता सेनानी बाबू जगजीवन राम की जयंती का आयोजन किया गया.**

इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि बाबू जगजीवन राम का जन्म 5 अप्रैल 1908 को हुआ था लोग प्यारे बाबूजी कहकर बुलाया करते थे उन्होंने देश और समाज में अलग पहचान बनाई.उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू की सरकार में श्रम मंत्री रहते हुए न्यूनतम श्रम अधिनियम तथा कर्मचारी भविष्य निधि जैसी कानून बनाए.



संगठन महासचिव रामकुमार पचौरी ने कहा कि उन्होंने जो जन चेतना की अलख जगाई आज हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता हैं.

वहीं कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के शहर अध्यक्ष बने बंटी कोरी का स्वागत किया.

इस अवसर पर प्रदीप गुप्ता, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, हेमराज रजक, वीरेंद्र राजे, नरेंद्र मिश्रा, निलेश अहिरवार, महेश अहिरवार, सागर साहू, किरण लता सोनी, ज्योति मालैया, बंटी कोरी, आनंद अहिरवार, गोपाल प्रजापति, संजय जैन मौजूद थे.




# जनसमस्याओं को लेकर ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 5 अप्रैल. नगर में बढ़ती जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शाहगढ़ में जोरदार प्रदर्शन किया.**

डीजल-पेट्रोल एवं रसोई गैस की किल्लत, नगर परिषद के अधिकारियों की कथित तानाशाही और पेयजल संकट जैसे मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया. कार्यकर्ताओं का कहना था कि आम जनता रोजमर्रा की जरूरतों के लिए परेशान है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी समस्याओं के समाधान के बजाय उदासीन बने हुए हैं. नगर में पेयजल की भारी कमी से लोग त्रस्त हैं. प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में नगर की प्रमुख समस्याओं का उल्लेख करते हुए तत्काल समाधान की मांग की गई. पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी ने कहा कि प्रदेश और नगर की जनता आज बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है, जो बेहद चिंताजनक स्थिति है.

## शराब पीकर ड्राइविंग

**ललितपुर.** कोतवाली थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन रोड पर शराब के नशे में तेज रफ्तार से लहराते हुए मोटरसाइकिल चलाने वाले युवक को पुलिस ने चेकिंग के दौरान पकड़ लिया, आरोपी ने नशे में होने की बात स्वीकार की और कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाया. उपनिरीक्षक रज्जन बाबू ने रिपोर्ट में बताया कि स्टेशन रोड पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था, रेलवे स्टेशन की ओर से एक व्यक्ति टीवीएस मोटरसाइकिल को लहराते हुए आता दिखा, उसकी रफ्तार और लहराने से राहगीरों की जान को खतरा पैदा हो रहा था.पुलिस ने तुरंत रोककर चेकिंग की तो युवक का नाम नई बस्ती निवासी नीरज जैन बताया. उसके मुंह से शराब की तेज बू आ रही थी. पूछताछ पर उसने शराब पीकर गाड़ी चलाने की बात मान ली थी.

# भाजपा कार्यालय में मनाया गया दीपोत्सव

नवभारत न्यूज

**सागर 5 अप्रैल. भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर संभागीय भाजपा कार्यालय को रंग-रोगन, आकर्षक विद्युत सजावट, रंगोली और पुष्पमालाओं से सजाया गया. दीपों की रोशनी से जगमगाते कार्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला.**

स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी विधायक शैलेन्द्र जैन, पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, महापौर संगीता तिवारी, स्थापना दिवस कार्यक्रम संचालन टोली जिला संयोजक चैन सिंह ठाकुर सहसंयोजक जगन्नाथ गुरैया, यश अग्रवाल, संध्या भार्गव, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रभुदयाल कुशवाहा हरिराम सिंह ने




कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी कार्यालय में दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव मनाया. इस अवसर पर कार्यालय परिसर में आतिशबाजी भी की गई.

जिला अध्यक्ष श्री तिवारी ने आग्रह किया कि स्थापना दिवस पर प्रत्येक कार्यकर्ता अपने घर और कार्यस्थल पर पार्टी ध्वज लगाएं तथा अपने-अपने बूथों पर आयोजित कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लें.

जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर संभागीय भाजपा कार्यालय में प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा. इसके बाद 47 ध्वजों के साथ पार्टी कार्यालय से संविधान चौक तक तथा वहां से पुन: भाजपा कार्यालय तक ध्वज यात्रा निकाली जाएगी. मंचीय कार्यक्रम आयोजित होगा तथा 17 जिलों में जिला कार्यालयों के भूमि पूजन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा और सुना जाएगा.



# यादव महासभा की बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

**सागर 5 अप्रैल. श्री देव गोवर्धन मंदिर परिसर पर यादव महासभा के जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई.**

बैठक में समाज को जनसंख्या के हिसाब से विभिन्न राजनीतिक दलों में हिस्सेदारी, समाज के गरीब परिवार के बच्चों को शिक्षित करने में सहयोग करने, मृत्युभोज एवं दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने का निर्णय लिया गया.

अंडर 19 क्रिकेट टीम में अध्यन यादव का चयन, भाजपा जिला कार्यकारिणी में सुमित यादव को महामंत्री एवं आफीसर यादव को जिला मंत्री एवं मुकेश यादव को नपा मकरोनिया में एल्डरमेन बनाये जाने पर स्वागत किया गया. यादव कालोनी निवासी प्रीत यादव की माताजी किरण यादव, बाहुबली कालोनी निवासी आनंद यादव एवं डुडियाखेडा निवासी लखन यादव के पिता रामदयाल यादव के निधन पर श्रृद्धांजलि दी गई. जिला महामंत्री शैलेन्द्र यादव ने किया. युवा यादव महासभा के अध्यक्ष वासु यादव ने आभार व्यक्त किया.

# अर्पित चढ़ावा में हुआ 23 लाख का चढ़ावा

नवभारत न्यूज

**रहली 5 अप्रैल. देवी शक्तिपीठ माँ हरसिद्धि धाम, रानगिर में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने अटूट आस्था दिखाई है.**

मेले के दौरान दूर-दराज से आए भक्तों ने माता के चरणों में दिल खोलकर दान अर्पित किया, जिसके फलस्वरूप मंदिर को कुल 23,02,532 रुपये की आय प्राप्त हुई है. यह राशि पिछले वर्ष की तुलना में करीब डेढ़ गुना अधिक है गत वर्ष 16.30.900 आय हुई थी. मंदिर परिसर में कड़ी सुरक्षा और पारदर्शिता के बीच दान राशि की गणना की गई. यह प्रक्रिया नायब तहसीलदार



अनिल ुमार के मार्गदर्शन एवं मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक दुबे की उपस्थिति में राजस्व अमले द्वारा संपन्न हुई. तहसीलदार रीडर पवन पाण्डेय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, दान-पेटी 9,98,355 रुपये, नारियल एवं श्रृंगार सामग्री 4,92,250 रुपये रसीदें (ज्योतिशाला, विवाह, वाहन आदि 7,76,927 रुपये, मुंडन कार्य नीलामी 35,000 रुपये कुल प्राप्त राशि 23,02,532 रुपये, व्यय और वितरण का लेखा-जोखा मेला प्रबंधन और पिछले छह माह में मंदिर परिसर में कराए गए निर्माण कार्यों पर कुल 10,26,905 रुपये खर्च किए गए. खर्च घटाने के बाद मंदिर की शुद्ध आय 12,75,627 रुपये रही.

## पेड़ गिरा, जनहानि बची

**रहली.** चांदपुर से अनंतपुरा मार्ग में शराब दुकान और वेयर हाऊस के पास तूफान आने से चिरौल का पेड़ जड़ से उखड़कर जमीन पर जा गिरा. कुछ लोग वहां काम कर रहे थे, कुछ लोग सड़क पर निकल रहे थे लेकिन पेड़ के उखड़ने की तेज आवाज से लोगों ने स्थल से हटकर जान बचाई लेकिन आसपास खड़े वाहन क्षतिग्रस्त हो गये. चांदपुर में हाट बाजार लगता है शाम 6 बजे जब बाजार सभा पर था. तभी तेज हवा चलने से जहां लोग सड़क से भाग कर हवा से बच रहे थे, वही अचानक पेड़ गिरने से एक आपे व कुछ मोटरसाइकिलें क्षतिग्रस्त हो गई सुखद रहा कि कोई जन हानि नहीं हुई है.

# उर्स बना परमार्थ का मंच : अंगदान का संकल्प लिया

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 5 अप्रैल. सूफी संत हजरत बाबा सदन शाह की दरगाह पर आयोजित अजीमुस्शान उर्स के दौरान शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने मानव सेवा का अनोखा उदाहरण पेश करते हुए मेले को परमार्थ के मंच में बदल दिया.**

पांच दिवसीय जन-जागरूकता शिविर में ट्रस्ट ने देहदान, अंगदान और रक्तदान का संदेश हजारों श्रद्धालुओं तक पहुंचाया. शिविर के दौरान 19 लोगों ने राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन के माध्यम से ऑनलाइन अंगदान का



संकल्प लिया, जो इस आयोजन की बड़ी उपलब्धि रही. जन-जागरूकता शिविर का उद्घाटन एसडीएम सदर मनीष कुमार, सीओ सदर सुनील कुमार और सीओ ट्रैफिक ने फीता काटकर किया. जिलाधिकारी सत्यप्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो. मुस्ताक व उर्स कमेटी के पदाधिकारियों ने शिविर का दौरा कर ट्रस्ट की गतिविधियों की सराहना की और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया. ट्रस्ट के संस्थापक खुशाल चन्द्र साहू की पहल पर आयोजित इस शिविर ने जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी का संदेश दिया. ट्रस्ट कोषाध्यक्ष सुषमा साध के अनुसार एक देहदान अंगदान न सिर्फ कई जिंदगियां बचा सकता है, बल्कि चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान को भी नई दिशा देता है. पिछले वर्ष ट्रस्ट द्वारा दो सफल देहदान कराकर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर के मेडिकल छात्रों को चिकित्सा शिक्षा हेतु लाभ पहुंचाया गया था. मेडिकल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की अनुपस्थिति पर जागरूक नागरिकों ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा जन-जागरूकता कार्यक्रम को अपेक्षित सहयोग क्यों नहीं मिला.